# एचसीएस प्री की परीक्षा में चार के बजाय पाँच विकल्प होंगे

## चर्चा में क्यों?

12 जुलाई, 2022 को हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने 24 जुलाई को होने वाली एचसीएस प्री की परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिये परीक्षा की ओएमआर शीट में चार के बजाय पाँच विकल्प करने का निर्णय लिया है।

## प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि आयोग की ओर से 24 जुलाई, 2022 को एचसीएस प्री के 156 पदों के लिये परीक्षा ली जानी है।
- आयोग ने इस संबंध में नोटिस जारी कर दिया है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को नए ऑप्शन के साथ-साथ ओएमआर शीट और परीक्षा से संबंधित गाइडलाइन भी जारी की है।
- अब अभ्यर्थी ओएमआर शीट पर गोला खाली नहीं छोड़ सकेंगे। अगर किसी अभ्यर्थी को किसी सवाल का उत्तर नहीं आता है और वह विकल्प ए, बी, सी तथा डी को खाली छोड़ता है, तो उसे पाँचवा गोला (हैज-**#**) अनिवार्य रूप से भरना होगा।
- सिख धर्म से संबंधित युवकों को कड़ा और कृपाण ले जाने की अनुमति रहेगी, लेकिन ऐसे युवकों को परीक्षा के रिपोर्टिंग टाइम से एक घंटा पहले सेंटर पर पहुँचना होगा, ताकि उनकी स्क्रीनिंग हो सके कि किहीं कोई डिवाइस उनके पास न हो। अगर किसी के पास कोई प्रतिबंधित उपकरण मिलता है, तो उन्हें परीक्षा से रोक दिया जाएगा, जब तक हॉल में सभी ओएमआर शीट एकत्रित नहीं की जाती, तब तक कोई अभ्यर्थी कमरे से बाहर नहीं जा सकेगा।
- गौरतलब है कि पिछले साल नवंबर में एचपीएससी के उप-सचिव अनिल नागर व उसके दो साथियों को विजिलेंस ने लाखों रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया था। इन पर डेंटल सर्जन की भर्ती और एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने के आरोप लगे थे। उप-सचिव के पास ही गोपनीय शाखा की पूरी ज़िम्मेदारी थी और वह परीक्षा के बाद ओएमआर शीट में गड़बड़ी करके अभ्यर्थियों को पास कराता था। आयोग ने दोनों ही भर्तियों को रद्द कर नए सिरे से परीक्षा का शेड्यूल जारी किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hcs-pre-exam-will-have-five-options-instead-of-four